भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

श्री संजय जैन द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक , पूर्वी क्षेत्र (कोलकाता) का पद-भार ग्रहण

कोलकाता

03 मार्च, 2016

श्री संजय जैन ने दिनांक 10 फरवरी, 2016 को क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, कोलकाता का पदभार ग्रहण किया है । श्री जैन, बी.ई.(विद्युत) एमबीए की डिग्री के साथ जनवरी 1989 में तत्कालीन राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण , जिसका नामकरण बाद में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण(भाविप्रा) कर दिया गया था में शामिल हुए थे ।

इस गरिमामय जिम्मेदारी को लेने से पूर्व श्री जैन ने भाविप्रा के विभिन्न निदेशालयों के अनेक स्तरों पर महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेवारी निभाई है । उन्हें देश के अलग-अलग क्षेत्रों के विभिन्न हवाई अड्डों पर 09 वर्षों तक विमानपत्तन निदेशक के रूप में कार्य-निष्पादन का विशाल और विविध अनुभव है । उनके नेतृत्व में गया हवाई अड्डा जैसे नॉन-ऑपरेशनल हवाई अड्डे का विकास हुआ और यह एक अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में परिवर्तित हो सका साथ ही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं , जिनमें विश्व का सबसे ऊँचा हवाई अड्डा लेह भी शामिल है, का क्रियान्वयन भी हुआ है ।

उन्होंने विमानन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों पर भारत एवं विदेश में उच्च प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा पाठ्यक्रमों में भाग लिया है । जैसे एयरपोर्ट मैनेजमेन्ट प्रोफेशनल एक्रिडिटेशन प्रोग्राम (एएमपीएपी), मैनेजमेन्ट डेवलप्मेन्ट इस्टीट्यूट (एमडीआइ) से एडवान्स मैनेजमेन्ट प्रोग्राम (एएनपी) तथा इण्डियन इन्स्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट (आइआइएम) अहमदाबाद से एयरपोर्ट ट्रान्सपोर्ट मैनेजमेन्ट ।

जन सम्पर्क विभाग द्वारा जारी
पूर्वी क्षेत्र
सं. 02/2016.

श्री संजय जैन द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक , पूर्वी क्षेत्र (कोलकाता) का पद-भार ग्रहण